
## एक नजर में

### बलराम सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के सेक्टर नीमलाय मानपुर विकासखंड कन्नौद जिला देवास के अध्यक्ष पद पर बलराम मालवीय निमलाय को सेक्टर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के संभागीय अध्यक्ष के के कुंडल ने की। मालवीय बलराम सेक्टर के ग्राम बिचकुवा धासड़ पोखर खारिया नारायणपुर टिपरास गोला गुठान बाई जगवाड़ा झिरनिया रोहिणिया पोखर बुजुर्ग आदि गांवों में शासन हित के फाउंडेशन के मार्गदर्शन में काम देखेंगे नियुक्ति पर क्षेत्र वासियों ने हर्ष व्यक्त किया

### विहिप की प्रांतीय बैठक में दायित्वों की घोषणा



**उदयनगर।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय बैठक में उदयनगर के हिंदू धर्म उत्सव के जांबाज युवकों नए दायित्व की घोषणा की गई, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला सह संयोजक शुभम वर्मा तहसील अध्यक्ष रूपेश चौहान तहसील गौ रक्षक कुनाल वर्मा की घोषणा कर दायित्व सौंपे गए। युवाजनों ने प्रांतीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

### वीर दुर्गादास जयंती के पर निकला चल समारोह



**भौरासा।** नगर में क्षत्रिय राठौर समाज द्वारा राठोर धर्मशाला से एक विशाल चल समारोह निकाला गया। जिसमें घोड़े पर एक युवक को वीर दुर्गादास जी बना कर बिठाया गया वही रथ बगी पर सवार श्री दुर्गा दास जी के चित्र रखा गया था जो माली मोहल्ले से होते हुए चौधरी मोहल्ला, एमजी रोड, बड़ा हनुमान चौक, रपट, छोटा हनुमान चौक, से बस स्टैंड होते हुए राठौर धर्मशाला पहुंचा समाज के गौरव वीर योद्धा श्री दुर्गादास जी की जयंती मनाई गई इस अवसर पर सर्वप्रथम समाज जन द्वारा वीर दुर्गा दास जी के चित्र पर पुष्प माला पहनाकर दीप प्रज्वलित किया गया व सभी समाज जनों ने एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर नगर में जगह-जगह राठौर समाज के चल समारोह का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया इस अवसर पर राठौर समाज के समाज जन मौजूद रहे।

### शा .महारानी राधाबाई में ज्ञान दर्पण बोर्ड का अनावरण



**देवास।** शासकीय महारानी राधाबाई उ.मा.वि. में ज्ञान दर्पण बोर्ड का अनावरण विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमिला डावर द्वारा किया गया। प्रमिला डावर ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम से ही लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की छात्राओ को प्रतियोगिता परीक्षाओ के लिए विभिन्न विषयो से सम्बंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्नों से अवगत कराने के लिए ज्ञान दर्पण बोर्ड बनाया गया है। प्राचार्य प्रवीण मालवीय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संकल्पना साहित्यकार विज्ञान सहायक रविन्द्र वर्मा की थी। मुख्य भूमिका नीलम शर्मा, यस्मिन शेख, अंशु कुमावत की थी। अतिथियों का स्वागत नजमा आजाद, ज्योति लोहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर हेमंत कानूनगो, सुनील मण्डलोई, सुनील पटेल, राजेंद्र सूर्यवंशी, इमदाद शेख, मुबारिक खान, विनय मिश्रा, रजनी सेन, अख्तर बानो शेख उपस्थित थे। आभार रामगोपाल मीणा ने माना।

### जर्जर स्कूल भवन की जगह नवीन भवन की मांग



**देवास।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद द्वारा जिलाध्यक्ष आत्माराम परिहार के नेतृत्व में गिराये जा रहे एवं जर्जर स्कूल भवन की जगह नवीन भवन बनाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि जिले में कई स्कूल भवन गिरने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई बच्चें तो पढ़ाई छोड़ देते हैं। क्योंकि सभी शासकीय स्कूलो में गरीब एवं अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ही बच्चें पढ़ाई करते है जो कि प्रायवेट स्कूलो की भारी भरकम फीस जमा करने में असमर्थ रहते हैं और मजबूरी में पढ़ाई छोड़ देते है सरकार इस ओर कोई ध्या नही नहीं देती है यह सब प्रायवेट स्कूल वाले के दबाव में जानबूझकर कर शासकीय भवन शिक्षको की कमी करती हैं। संस्था अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद निवेदन करती है कि जर्जर भवनों की जगह नये भवन का निर्माण करवाया जावें। जिसमें सभी सुविधा बाउण्ड्री वॉल, शौचालय, खेल मैदान की व्यवस्था हो ग्रामीण क्षेत्रो में कई शासकीय भूमि खाली पड़ी हुई हैं। जिस पर निर्माण किया जा सकता है रख-रखाव और निर्माण लोक निर्माण विभाग व शिक्षा विभाग की टीम के द्वारा करवाया जाना चाहिये। मेंटेनन्स एवं निर्माण गर्मियो की छुट्टी में करवाया जाना और प्रतिवर्ष भवनो का निरीक्षण उच्च अधिकारियों द्वारा कराया जायें। दूसरी ओर शिक्षको से शैक्षणिक कार्य के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं कराया जावें। जिससे कि विद्यार्थीयों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इस अवसर पर प्रो. बी.एस. मालवीय, मदनलाल जेठवा, डॉ. मुन्ना सरकार, सत्यवान पाटिल, अरूण कश्यप, दिनेश पंवार, संजय रेकवाल आदि उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन अध्यक्ष आत्माराम परिहार ने किया।

### अस्पताल में आयुष्मान टीम का सफल निरीक्षण

**देवास।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत के अंतर्गत आज आयुष्मान योजना की टीम ने अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, देवास का निरीक्षण किया। टीम ने सबसे पहले अस्पताल परिसर में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का अवलोकन किया और इसके बाद सभी विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में कार्यरत महिला एवं पुरुष कर्मचारियों से विभिन्न विषयों पर जानकारी ली और गाइडलाइंस के अनुसार रोगियों को मिल रही चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। मरीजों एवं कर्मचारियों से यह भी पूछा गया कि क्या वे चिकित्सा व्यवस्था से संतुष्ट हैं तथा किसी प्रकार की शिकायत या सुधार की आवश्यकता है। टीम ने पाया कि अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, और आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# भारतीय सेना के वीरों के पराक्रम में निकाली तिरंगा यात्रा

**सैकड़ों राष्ट्रभक्त बाइक पर तिरंगा लहराते हुए निकले**



**भौरासा।** नगर के श्री खेड़ापति गढ़ी हनुमान मंदिर से क्षेत्रीय सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रभक्त अपनी बाइक पर तिरंगा लहराते हुए निकले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा ने बाबा भंवरनाथ मंडल भौरासा द्वारा क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर एवं जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। तिरंगा यात्रा नगर के श्री गढ़ी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के बस स्टैंड, एम जी मार्ग, बड़ा हनुमान चौक, आजाद चौक, छिपा पूरा, माली मोहल्ला, होते हुए बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण पर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का नगर वासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इसी कड़ी में बस स्टैंड पर लोधी समाज, छोटे हनुमान चौक में प्रेस क्लब द्वारा नगर परिषद कार्यालय पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्याय जय सिंह राणा, एवं पार्षद गणों द्वारा बड़े हनुमान चौक में डॉ रूप सिंह नागर सहित नगर भर मे स्वागत हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया एवं प्रमोद पालीवाल ने भी संबोधित किया।

### बच्चा बच्चा देख रहा है नये भारत की तस्वीर

मंदिर प्रांगण पर एक सभा के माध्यम से विधायक डॉ सोनकर ने उपस्थितजनों को संबोधित एवं अपने उद्बोधन में भारतीय सेना के पराक्रम को बताया और जिस प्रकार भाजपा सरकार ने आतंकवाद को खदेड़ा हे ओर आने वाले समय में बाकी जो बचा हुआ आतंकवाद है उसे भी भाजपा सरकार उखाड़ फेकेगी। आज भारत देश को किसी अन्य देशों के सामने अब गिड़गिड़ाना नहीं पड़ता है ये आज का नया भारत है जिसकी तस्वीर आज भारत का बच्चा बच्चा देख रहा है।

कार्यक्रम का संचालन यात्रा संयोजक अश्विन जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष गौतम सिंह राजपूत, मनोहर सिंह पंवार, रजत पाल सिंह राजपूत, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दशरथ धाकड़, जिला कार्यलय मंत्री अनिल चावड़ा, सोनकच्छ मंडल महामंत्री संजय यादव, सरपंच सुमेर नागर, यशवंत सिंह राजपूत, नरेंद्र माली, रोहित जायसवाल, सचिन यादव, हिम्मतसिंह ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, प्रदीप मंत्री, बद्रीलाल लोधी, मुकेश कुमावत, जीवन सिंह राजपूत, कमल पटेल, मनोहर सिंह कराड़ा, करण सिंह मेंबर, कैलाश यादव, अर्जुन सेंधव, शैलेंद्र ठाकुर, राजेश लोधी, पृथ्वी राज धाकड़, मन्नान खान, मौसम माली, विनायक माली, नकुल अग्रवाल, साजिद चिश्ती, उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी अग्रवाल ने दी।

## जोश पूर्ण नारों के साथ तिरंगा रैली संपन्न



**देवास।** 13 अगस्त 2025 हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह तथा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में खेल और युवा कल्याण विभाग जिला देवास द्वारा श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम एवं कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में अभ्यासरत खिलाड़ियों, प्रशिक्षणार्थियो की तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बिहारी सिंह द्वारा श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम पर तिरंगा की शपथ दिलाई गई एवं कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम पर मनीष सोलंकी द्वारा तिरंगा की शपथ दिलाई गई।

तिरंगा यात्रा के मार्ग पर खिलाड़ियों के देशभक्ति के ओजस्वी पूर्ण नारों से सम्पूर्ण मार्ग गुंजायमान हो रहा था। इस अवसर पर अनिल श्रीवास्तव, जितेन्द्र गोस्वामी, रागिनी चौहान, धर्मेन्द्र सिंह, पवन यादव, अनिल वर्मा, संतोष दबाड़े, अच्युत मालाकार, सुधीर टोप्पो, राजीव चौहान, विशाल पडियार, विजय (जूडो), चन्द्रकांत जगताप, कुमेर सिंह वर्मा, आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन यशवंत डागोरा ने एवं आभार पप्पी मर्सकाले ने माना।



## लोहारदा में निकली तिरंगा यात्रा

**लोहारदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर लोहारदा में बेकलिया सरकार मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा कांटाफोड़ से प्रारंभ होकर देशभक्ति के नारों और उत्साह के साथ लोहारदा के भारत माता चौक पर आकर संपन्न हुई। यात्रा में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महेश दुबे, जयप्रकाश शर्मा, सुशील पसारी, पलासी सरपंच प्रतिनिधि लखन उईके, रामपुरा सरपंच अनिल पटेल, अनिरुद्ध शर्मा, राज टुटेजा, सन्तोष चौबे सहित कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। लोहारदा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील मालू, पार्षद प्रतिनिधि भगवान उइके ने भारत माता चौक पर तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान देशभक्ति नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना था।

## देर रात तक निकली भगवान मनकामनेश्वर की शाही सवारी

**नयनाभिराम झांकियों को निहारने के लिए सड़कों पर आए भक्त**

**भगवान ने किया सुसज्जित पालकी में नगर भ्रमण**



**देवास।** मनकामनेश्वर सेवा समिति द्वारा भगवान मनकामनेश्वर महादेव की भव्य सवारी पुराना बस स्टैंड से निकाली गई। जानकारी देते हुये अध्यक्ष संजय शुक्ला, आयोजक संजय दायमा ने बताया कि यात्रा में नयनाभिराम चलित झांकियां, कालिका माता, भूतों की टोली, अखाड़े, राधा कृष्ण रासलीला, हरियाणा से आये मलंग कलाकार, बैंड बाजे ढोल ताशे के साथ भगवान की सुसज्जित पालकी आकर्षण का केंद्र थी। साथ ही संस्थापक स्व राकेश खिंची का बड़ा चित्र भी लगाया गया।

भगवान मनकामनेश्वर ने नगर भ्रमण किया और भक्तों को दर्शन दिए। भक्त भी पलक पावडे बिछा कर सड़क शहर की सड़कों पर मौजूद नजर आए। शाही सवारी ने देर रात तक नगर भ्रमण किया और रात 12 बजे पुराना बस स्टैंड पर महाआरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। मुख्य अतिथियों में देवास विधायक गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर, कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी देविप्रा पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल के साथ ही पार्षद राम यादव, कालू आहूजा, नवीन सिंह सोलंकी, अजय तोमर, जुगनु गोस्वामी, धर्मेंद्र बैस, शिवा चौधरी, रेखा वर्मा, भरत चौधरी और अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न समाजजन, धार्मिक सन्त भी मौजूद रहे। समिति पदाधिकारियो में गोपाल जोहरी, रोहित खिंची (काली), कुलदीप नागेश, जय्यू (जतिन) खिंची, मोनी डिडवानी, जयदीप नागेश, ऋषभ जलोदिया, धर्मेश चौहान, अमिताभ शुक्ला, गौतम जलोदिया, केयूर पटेल, दीपू नरवले, कमल सोनी, समीर गुप्ता, अंकीत कुरावरे, शुभम गुप्ता, शुभम चौहान, राकेश जलोदिया, गौरव गायकवाड़, विक्की मिश्रा, संतोष दुबे सहित समिति के सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विषय पर व्याख्यान का आयोजन



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में 13 अगस्त 2025 को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह अवसर पर प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, डॉ आरके मराठा, डॉ दीप्ति ढबले, डॉ रश्मि ठाकुर, डॉ संजय सिंह बरोनीया, डॉ संजय गाडगें, डॉ सीमा सोनी, डॉ लता धुपकरिया ने मंच साझा किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना प्रो.खुशबू बैग ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ लता धुपकरिया ने अपने उद्बोधन में विस्तृत तरीके से तिरंगे के तीनों रंग, अशोक चक्र महत्ता, राष्ट्रीय सम्मान अधिनियम 1971, भारतीय ध्वज संहिता संशोधन अधिनियम 2002, 2022 की चर्चा की। आपने ऐतिहासिक व्याख्या करते हुए बताया कि हर घर तिरंगा अभियान की आवश्यकता क्यों है और इससे हम राष्ट्र प्रेम से कैसे जुड़ेंगे। स्वच्छता का महत्व समझाते हुए स्वच्छ भारत मिशन की व्याख्या की एवं स्वतंत्रता एवं स्वच्छता का आपस में क्या संबंध है पीपीटी के माध्यम से समझाया। आपने राष्ट्रीय गौरव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य को विकसित भारत का आधार बताया। प्राचार्य डॉक्टर एसपी एस राणा ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है एवं स्वास्थ्य का प्राथमिक आधार स्वच्छता है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हर घर तिरंगा का दिल से स्वागत करें और हमेशा अपने देश के लिए ईमानदारी और निष्ठा से समर्पित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी, युवा पर्यटन क्लब, इको क्लब व एनएसएस इकाइयों सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की गरिमामय उपस्थिती रही कार्यक्रम एवं का संचालन डॉक्टर सीमा सोनी के द्वारा किया गया एवं आभार डॉक्टर संजय गाडगे ने व्यक्त किया, अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सतवास सहित क्षेत्र मे निकाली गई तिरंगा यात्रा

**सतवास।** सतवास तहसील के धर्मेश्वर मंडल सतवास एवं बेकलिया सरकार मंडल द्वारा तिरंगा यात्राए निकाली गई। दोनो स्थानो पर निकाली गई यात्रा का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा द्वारा किया गया। यात्रा का स्वागत सतवास नगर परिषद सामने नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि सतनाम सिंघ बग्गा ने स्वागत किया।

सतवास महाराणा प्रताप चौराहा पर, राजपूत समाज के सोनू दरबार मित्र मंडल एवं सिख समाज द्वारा स्वागत किया गया। शिवाजी चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर राजेन्द्र जयनारायण यादव द्वारा स्वागत किया गया। क्षेत्र मे निकली यात्राओ मे बागली विधायक भंवरा धर्मेश्वर मंडल अध्यक्ष राजेश मालवीया पूर्व जिलाध्यक्ष महेश दुबे, पूर्व गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष नारायण व्यास, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश जोशी, सुदीप शर्मा, रामविलास जाट, नितिन राव, सहित बडी संख्या मे भाजपाइयों सहित नागरिकगण सम्मिलित हुए।

बेकलिया सरकार द्वारा आयोजित यात्रा का कांटाफोड़ नगर परिषद सहित विभिन्न स्थानो पर स्वागत किया गया। धर्मेश्वर मंडल सतवास द्वारा निकाली गई यात्रा का भाजपा पदाधिकारीयो सहित नागरिकों ने जगह जगह पुषपवर्षा कर स्वागत किया।

## श्री मालवी प्रजापति समाज करेगा झंडा वंदन

**देवास।** श्री मालवी प्रजापति समाज (रजि.) समिति जिला देवास द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त 2025 को सुबह 9 बजे जिला कार्यालय 24/1 मोतीबंगला देवास पर झंडा फहराया जाएगा। जिला अध्यक्ष मोहनलाल भन्डावदिया, उपाध्यक्ष अशोक झिनिवाल, कोषाध्यक्ष घासीराम मनोरिया, सह. सचिव हरीश बालोदिया, सदस्य उदय सिंह, कन्हैयालाल भार्गव, रमेश चौहान, दुलीचंद प्रजापत मांगीलाल ग्रेवाल, कैलाश प्रजापत, दिनेश प्रजापत, सूरज प्रजापत, रमेश प्रजापत, युवा अध्यक्ष रवि चौहान, रविंद्र पुन्यासी ने समाजजनों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यालय पर पधारे उक्त जानकारी जिला सचिव संतोष प्रजापति सिरोल्या ने दी।

## खिवनी अभ्यारण्य द्वारा तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन



**कन्नौद।** आजादी के 79वें महोत्सव के अवसर पर 13अगस्त को खिवनी अभ्यारण्य द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली गई। यात्रा ग्राम कुसमानिया से प्रारंभ होकर ग्राम पटरानी होते हुए वापस अभ्यारण्य के गेट पर समाप्त हुई। यात्रा में खिवनी अभ्यारण्य के अधिकारी, कर्मचारी एवम पर्यावरण प्रेमी सहित लोगों ने भाग लिया। सभी ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। अधीक्षक विकास माहोरे ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने देश से प्रेम करना चाहिए और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। यह यात्रा हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाती है और हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराती है। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण तथा पर्यावरण का महत्व भी बताया। उन्हें अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया खिवनी अभ्यारण्य अधिकारियों कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस यात्रा ने स्थानीय समुदाय के बीच राष्ट्रवाद और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया। रैली में खिवनी अभ्यारण्य के अधीक्षक विकास माहौरे, वन परिक्षेत्र अधिकारी खिवनी एवं समस्त वन स्टॉफ मौजूद रहा।

**एक नजर** कच्चे शमशान की जगह कम पडने पर प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को भेजकर कार्यवाही करने हेतु कहा

# मुख्य मुक्तिधाम को नवविकास की धारा से जोड़कर सुसज्जित किया : महापौर



**देवास।** शहर के मुख्य मुक्तिधाम को पूर्णरूपेण विकसित कर इसको सुसज्जित करने की दिशा मे नगर निगम द्वारा इसको नव स्वरूप प्रदान किया गया है। शहर के मुख्य मुक्तिधाम को विकसीत कर सौंदर्यिकरण करने की दिशा मे नगर निगम द्वारा मुक्तिधाम का कायाकल्प किया गया है। यहां पर पूर्ण हो चुके कार्यो का अवलोकन महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ करने के पश्चात महापौर ने बताया कि शव दाह संस्कार स्थल के उपरी हिस्से के शेड मे 100 नवीन पतरों को बदला जा चुका है। प्रवेश द्वारों को आकर्षक रंगाई पुताई कर नवीनीकृत किया गया है। यहां पर मुख्य हिस्से मे स्थित बगीचे के मध्य के हिस्से मे प्रार्थनासभा स्थल जाने हेतु पेवर्स ब्लाक्स लगाये जा चुके है। यहां पर श्रद्धांजली सभागृह को पूर्णरूपेण नवीनीकरण, इसके शेडस् की रंगाई पुताई कर इसमे धरातल पर पुरानी खराब हो चुकी टाईल्स के स्थान पर नवीन टाईल्स लगाकर दाह संस्कार मे आने वाले लोगों की बैठक सुविधाओं हेतु कुर्सियां स्थापित की गई है तथा यहां पर 6 पंखे लगाये गये है। मुक्तिधाम मे नवीन विद्युत व्यवस्थाओं मे दाह संस्कार स्थल के सम्मुख हाईमास्ट लगाया जा चुका है साथ ही प्रवेश द्वार के आंतरिक हिस्से तक दोनो भाग मे 22 विद्युत पोल्स लगाकर इसमे आकर्षक विद्युत सज्जा के लेम्प लगाये गये है। साथ ही रामधुन बजने हेतु 15 स्पीकर जो प्रात 9 बजे से सांय तक संचालित होगें। यहां से निकली पुरानी जीर्णशीर्ण कुर्सियों को रिपेयर कर रंग रोगन कर बगीचे मे बैठक व्यवस्था हेतु लगाई गई है तथा यहां पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिये गये गीता के उपदेश की आकर्षक चित्रकारी भी की जा चुकी है। यहां पर जर्जर हो चुके सुविधा घर को तोडकर यहां पर सीमेंट कांक्रीट किया गया है। साथ ही शवदाह के पास अनुपयोगी सामग्री हेतु डस्टबीन भी रखवाये गये है। यहां पर नर्मदा लाईन को जोडा गया है ताकि आने वाले लोगों को पेयजल की उचित सुविधा मिल सके। कच्चे शमशान की जगह कम पडने पर प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को भेजकर कार्यवाही करने हेतु कहा गया है। मुक्तिधाम का सिमांकन किया जा चुका है। शीघ्र ही सुरक्षा दीवार भी बनाई जावेगी। वर्षाकाल मे शवदाह हेतु लकडी, कण्डे, शेडस् पर दो नये द्वार लगाये गये है। यहां पर लकडी कण्डे की व्यवस्था पर्याप्त करने के निर्देश जारी किये गये। मुक्तिधाम मे सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी केमरे भी लगाये गये है। जिनको मुक्तिधाम कार्यालय एवं निगम के कन्ट्रोल रूम से जोडा गया है। इसी प्रकार मितव्यवता को दृष्टिगत रखते हुये मुक्तिधाम के भितरी हिस्से से निकाले गये पुराने पेवर्स ब्लाक मुक्तिधाम के बाहर के मार्ग के एक हिस्से मे लगाया जा रहा है। जिससे मार्ग मजबूत होगा तथा नगर निगम द्वारा इसमे कोई धनराशि व्यय नही की गई है। मुक्तिधाम मे किये गये विकास एवं अन्य कार्यो को करने हेतु निगम द्वारा प्रथक प्रथक कार्य की निविदायें आमंत्रित कर विभिन्न ऐजेंसियों एवं ठेकेदरों के माध्यम से कार्य करवाया गया है। इस दौरान महापौर के साथ निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि निलेश वर्मा, अजय पडियार भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, जितेन्द्र जायसवाल, निगम उपायुक्त जाकीर जाफरी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर, उपयंत्री मुशाहीद हन्फी, श्याम सुन्दर रघुवंशी, कमल नरवले, आदि उपस्थित रहे।